# विदेश से पैसा भेजने में लगने वाले समय और लागत कम करना जरूरी: दास

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि विदेशों से धन भेजने में लगने वाले समय और लागत को कम करने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह महत्वपूर्ण है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि नई प्रौद्योगिकी और भुगतान प्रणाली का उपयोग सीमा पार भुगतान में तेजी लाने और विस्तार के लिए किया जा सकता है। दास ने सेंट्रल बैंकिंग एट क्रॉसरोड्स विषय पर आयोजित सम्मेलन के दौरान कहा कि भारत सहित कई उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के लिए सीमा पार पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान की संभावनाओं को तलाशने के लिए धन प्रेषण पहला कदम है। हमारा मानना है कि इस तरह के धन प्रेषण की लागत और समय को काफी कम करने की अपार संभावनाएं हैं। डॉलर, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख व्यापारिक मुद्राओं में लेनदेन निपटाने के लिए वास्तविक समय सकल निपटान (आरटीजीएस) के विस्तार की व्यवहार्यता द्विपक्षीय या बहुपक्षीय व्यवस्था के माध्यम से तलाशी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और कुछ अन्य अर्थव्यवस्थाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों तरीकों से सीमा पार तीव्र भुगतान प्रणालियों के संपर्क का विस्तार करने के प्रयास पहले ही शुरू कर दिए हैं। आरबीआई की ओर से शुरू किए गए ई-रूपी पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें कुशल सीमा पार भुगतान की सुविधा प्रदान करने की क्षमता है। आगे बढ़ते हुए, मानकों और अंतर-संचालन में सामंजस्य सीबीडीसी को सीमा पार भुगतान और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गंभीर वित्तीय स्थिरता चिंताओं को दूर करने में सक्षम बनाएगा। आरबीआई गवर्नर ने बैंकिंग क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दुरुपयोग पर भी चिंता जताते हुए कहा कि इससे साइबर हमले और आंकड़ों के लीक होने का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों को इन सभी जोखिमों के खिलाफ पर्याप्त जोखिम उपाय करने चाहिए। बैंकों को एआई और बिगटेक फायदों का लाभ उठाना चाहिए।

# ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ नई नियामकीय कार्रवाई

### - कीमतों में अचानक कटौती पर स्पष्टीकरण मांगा

नई दिल्ली ।

इलेक्ट्रिक दोपहिया बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी ओला इलेक्ट्रिक के खिलाफ नई नियामकीय कार्रवाई हो रही है। इसके तहत ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) ने कंपनी द्वारा अचानक कीमत घटाए जाने पर चिंता जताई है। एआरएआई ने कंपनी को 8 अक्टूबर को भेजे गए एक मेल में 'बॉस' सेल से पहले एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच (किलो वॉट आवर) मॉडल के दाम घटाए जाने के बारे में सूचित न किए जाने पर चिंता जताई है। इस प्रकार की चूक पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवॉल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना के तहत सरकारी सब्सिडी पाने के लिए पात्रता को प्रभावित कर सकती है। एआरएआई भारी उद्योग मंत्रालय के तहत एक वाहनों का परीक्षण करने वाली एजेंसी है। यह एजेंसी केंद्रीय मोटर वाहन नियमों के अनुसार मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) को प्रमाणन प्रदान करती है। वह केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत प्रोत्साहन के लिए आवेदन करने वाली ओईएम को भी प्रमाणित करती है। ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी बॉस सेल के लिए कीमत 74,999 रुपये से घटाकर 49,999 रुपये कर दी है। मगर कंपनी ने एआरएआई को अपने इस मॉडल की एक्स-फैक्ट्री कीमत 75,001 रुपये बताई है। इतनी कीमत और 2 केडब्ल्यूएच बैटरी क्षमता के आधार पर इस मॉडल को 10,000 रुपये की सब्सिडी का प्रमाण पत्र दिया गया है। पीएम-ईड्राइव दिशानिर्देशों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में पंजीकृत ई-दोपहिया और ई-तिपहिया वाहनों के लिए 5,000 रुपये प्रति केडब्ल्यूएच और वित्त वर्ष 2026 के लिए 2,500 रुपये प्रति केडब्ल्यूएच प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव दिया गया है।

# इंडियन ओवरसीज बैंक ने विभिन्न शहरों में आठ खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र खोले




नई दिल्ली ।

सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक ने कर्ज मंजूरी प्रक्रिया को बेहतर बनाने और इसमें लगने वाले समय को कम करने के लिए विभिन्न शहरों में खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र शुरू किया है। बैंक ने एक बयान में कहा कि कुल आठ खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद (आरएलपीसी) खोले गये हैं। इसमें से चेन्नई में एक केंद का भौतिक रूप से उद्घाटन किया गया, जबकि सात अन्य आरएलपीसी विभिन्न शहरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू किए गए। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारे नए खुदरा कर्ज प्रसंस्करण केंद्र सिर्फ सुविधा के बारे में नहीं हैं। यह एक स्मार्ट, ज्यादा लचीला बैंकिंग ढांचा बनाने के बारे में है। डिजिटल उपकरण और उन्नत आंकड़ों का इस्तेमाल करके हम मजबूत जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित कर रहे हैं और साथ ही कर्ज प्रसंस्करण समय को भी काफी कम कर रहे हैं। उन्होंने एक बयान में कहा कि खुदरा ऋण प्रसंस्करण केंद्र को ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, समय को कम करने और खुदरा ग्राहकों को तीव्र और अधिक कुशल सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजायन किया गया है। इंडियन ओवरसीज बैंक ने बेंगलुरु, कोयंबटूर, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई में खुदरा कर्ज प्रसंस्करण केंद्र शुरू किया है। प्रत्येक केंद्र डिजिटल प्रौद्योगिकियों और स्वचालन क्षमताओं से लैस है, जिससे त्वरित ऋण स्वीकृति सुनिश्चित होती है। ये सुविधाएं वित्तीय पहुंच को बढ़ाने और खुदरा क्षेत्र में बैंक की वृद्धि रणनीति का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बैंक ने शहर के लोकप्रिय स्थलों में से एक पुरात्ची थलाइवर डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर अपने एटीएम कियोस्क भी शुरू किया। उन्होंने कहा कि यह एटीएम महज एक सेवा केंद्र नहीं है, यह परंपरा के साथ नवाचार के सम्मिश्रण के प्रति आईओबी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# जेरोधा को-फाउंडर्स ने अत्यधिक नियमों पर जताई चिंता




नई दिल्ली ।

भारत की तीसरी सबसे बड़ी स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी ज़ेरोधा के को-फाउंडर्स नितिन और निखिल कामथ देश में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स, नियामकों और सरकार से आपस में मिलकर काम करने का आग्रह कर रहे हैं।

कामथ बंधुओं ने ज़ेरोधा के बेंगलुरु ऑफिस में चर्चा करते हुए देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में आए पॉजिटिव बदलावों को सराहा मगर इसके साथ ही दोनों ने चेतावनी दी कि अत्यधिक नियम विकास में बाधा डाल सकते हैं और उद्यमिता को हतोत्साहित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में कामथ बंधुओं के अलावा ज़ेरोधा के मुख्य तकनीकी अधिकारी कैलाश नाथ भी शामिल थे। निखिल कामथ ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के भीतर अनिश्चितता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने उद्यमियों और नियामकों के बीच सहयोगात्मक संबंध की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसे नियामकों के अधीन हैं जिनके साथ हमारा कोई प्रभाव या उनके फैसलों तक पहुंच नहीं है। वे एक दिन में हमारी आय को 50 प्रतिशत तक घटा सकते हैं। वे हमें बंद कर सकते हैं।

हालांकि, कामथ ने यह भी माना कि नियामकों ने सिस्टम को मजबूत बनाया है, लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि हद से ज्यादा कायदे-कानून इनोवेशन को दबा सकते हैं। कामथ ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक कक्षा में जहां 50 बच्चे हों और शिक्षक मनमाने तरीके से नियम बनाए और बच्चों को डांटे, क्या उन बच्चों में इनोवेशन की भावना उत्पन्न होगी जो डर के माहौल में जी रहे हैं? शायद नहीं। नितिन कामथ ने भी अपने भाई की चिंताओं को दोहराया और बताया कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के नए नियम ज़ेरोधा की रेवेन्यू ग्रोथ को धीमा कर सकते हैं। उन्होंने सेबी के ट्रू-टू-लेबल सर्कुलर का उदाहरण दिया कि कैसे नियम उनकी गतिविधियों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

# भारत में चीन से घटिया स्टील हो रहा डंप.......मोदी सरकार सतर्क

नई दिल्ली ।

भारत सरकार चीन से आ रहे घटिया स्टील के आयात को देखकर सख्त गुणवत्ता मानकों को कठोर करने पर काम कर रही है। भारत का यह निर्णय अक्टूबर की शुरुआत में इस्पात मंत्रालय की तरफ से किए गए एक विस्तृत समीक्षा के बाद लिया गया है। समीक्षा में ग्लोबल लेवल पर ट्रेड डायवर्जन की वजह से इस क्षेत्र पर बढ़ते खतरे को उजागर किया गया था। चालू वित्त वर्ष (25) के पहले पांच माह में, भारत स्टील का शुद्ध आयातक बन गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में देश ने 3.45 मिलियन टन (एमटी) स्टील का आयात किया, जबकि 1.92 एमटी का निर्यात हुआ। आयात में यह बढ़ोतरी वैश्विक उत्पादकों की तरफ से नए बाजारों की तलाश के कारण हुई है।

ग्लोबल प्रोड्यूसर्स इसलिए नए बाजारों की तलाश कर रहे हैं क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) ने टैरिफ बढ़ाया है और इस दौरान मांग भी कमजोर हुई है। इसके चलते भारत में स्टील डंपिंग का जोखिम बढ़ गया है।

मोदी सरकार का गुणवत्ता जांच को कड़ा करने का उद्देश्य स्टील आयात की बाढ़ को रोकना है। वर्तमान में, कई स्टील ग्रेड को इस्पात मंत्रालय की तरफ से जारी 'नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) के आधार पर आयात की अनुमति मिलती है, भले ही पहले से गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) लागू हों। हालांकि, अब अधिकारियों का कहना है कि आगे से केवल उन्हीं स्टील ग्रेड्स के लिए एनओसी दी जाएगी, जिनका स्थानीय उत्पादन नहीं होता।

इससे इसतरह के स्टील का आयात रुकने की उम्मीद है जो भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के अनुरूप नहीं है। इस्पात मंत्रालय ने 151 क्यूसीओ के तहत 1,279 स्टील ग्रेड के लिए मानदंड जारी किए हैं, लेकिन 1,127 ग्रेड्स को एनओसी के साथ आयात की अनुमति दी गई है।



## यात्री वाहनों की थोक बिक्री एक प्रतिशत घटी

नई दिल्ली । सितंबर में देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर एक प्रतिशत घटकर 3,56,752 यूनिट रही। सितंबर, 2023 में कंपनियों ने डीलर को कुल 3,61,717 गाड़ियां भेजी थीं। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने कहा कि हालांकि, कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 20,25,993 यूनिट रही। पिछले साल सितंबर में यह 17,49,794 यूनिट थी। सियाम ने कहा कि कुल तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि के साथ 79,683 यूनिट हो गई, जो सितंबर 2023 में 74,671 यूनिट थी।




## खुलने से पहले ही देश के सबसे बड़े आईपीओ में आई गिरावट

मुंबई । कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया देश का सबसे बड़ा आईपीओ लाने जा रही है, जिसका इश्यू साइज 27,870.16 करोड़ रुपए है। यह आईपीओ 15 अक्टूबर से लेकर 17 अक्टूबर तक निवेश के लिए खुला रहेगा। इस दौरान निवेशक इसके लिए बोली लगा सकेंगे। कंपनी इस आईपीओ के तहत कोई फ्रेश शेयर जारी नहीं करेगी। कुल 14.22 करोड़ शेयर जारी होंगे। ये शेयर ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के तहत जारी किए जाएंगे। इस आईपीओ को ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है। इस आईपीओ का ग्रे मार्केट में रिस्पॉन्स अच्छा नहीं रहा है। प्राइज बैंड की घोषणा के बाद से इसका ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी) लगातार गिर रहा है। 9 अक्टूबर को इसका जीएमपी 175 रुपए था लेकिन अब यह घटकर 65 रुपए रह गया है, जो यह दिखाता है कि यह 3.83 फीसदी प्रीमियम पर 2035 रुपए पर लिस्ट हो सकता है। ऐसी स्थिति में इसे फ्लैट लिस्टिंग माना जाएगा।

## एलआईसी ने पॉलिसी के नियम बदले, योजना में एंट्री उम्र घटाई!

नई दिल्ली । देश की प्रमुख बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने अपने न्यू एंडोमेंट प्लान में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। अब इस योजना में एंट्री की उम्र 55 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दी गई है, जो उम्रदराज लोगों के लिए काफी नुकसानदेह साबित हो सकता है। इसके अलावा प्रीमियम में भी वृद्धि की गई है, जो कि 1 अक्टूबर, 2024 से लागू होगी। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि उम्र बढ़ने के साथ मृत्यु की संभावना के कारण कंपनी अपने जोखिम को कम करना चाहती है। एक रिपोर्ट के अनुसार लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ने नए सरेंडर नियम भी लागू किए हैं। एलआईसी का न्यू एंडोमेंट प्लान-914 न सिर्फ आपको सुरक्षा कवर देता है बल्कि यह सेविंग प्लान भी है। इसमें मृत्यु और परिपक्वता के लाभ एक साथ मिल जाते हैं। एंडोमेंट प्लान वाली इंश्योरेंस पॉलिसी में आपको लाइफ कवर के साथ ही मैच्योरिटी बेनिफिट भी मिलते हैं। इसके चलते पॉलिसी के दौरान व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर परिवार को भुगतान किया जाता है। साथ ही मैच्योरिटी पर अलग लाभ मिलते हैं। हालांकि, हालिया बदलावों के बारे में एलआईसी ने अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## 6 जी की दौड़ में आगे बढ़ रहा भारत

नई दिल्ली । भारत 6जी प्रौद्योगिकी के पेटेंट की होड़ में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अलग-अलग अध्ययनों के आधार पर भारत इस मामले में दुनिया में चौथे से छठे स्थान पर है। दिल्ली एशिया में 15 अक्टूबर से पहली बार में विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली (डब्ल्यूटीएसए) की मेजबानी कर रहा है और यह 6जी के लिए मानक निर्धारण में इसके प्रभाव और भूमिका को निर्धारित कर सकती है। यह सम्मेलन 190 देशों के प्रतिनिधियों को 6जी, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), बिग डेटा जैसी महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए भविष्य के मानक पर चर्चा करने का मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। भारत का लक्ष्य आईपी का प्रमुख प्रदाता बनना और किफायती 6जी समाधान उपलब्ध कराना है। वैश्विक आईपी प्रबंधन सेवाओं के लिए पेटेंट तथा ट्रेडमार्क लाइफ साइकल- मैक्सवेल के आंकड़ों के अनुसार भारत 188 6जी पेटेंट के साथ दुनिया में छठे स्थान पर है। चीन 6,001 पेटेंट के साथ सबसे आगे है जबकि दूसरे स्थान पर 3,909 पेटेंट के साथ अमेरिका का कब्जा है। इसके बाद दक्षिण कोरिया (1,417), जापान (584) और यूरोपीय संघ (214) का स्थान आता है। ब्रिटेन (151), जर्मनी (84), स्वीडन (74) और फ्रांस (73) 6जी पेटेंट के मामले में भारत से पीछे हैं। ब्रिटेन के एक अध्ययन के अनुसार पिछले साल अप्रैल में भारत 265 पेटेंट के साथ चौथे नंबर पर था। इससे ऊपर चीन (4,604), अमेरिका (2,229) और दक्षिण कोरिया (760) थे। आंकड़ों से स्पष्ट है कि भारत की स्थिति तेजी से बदली है। अगस्त 2021 में जापान के निक्केई और साइबर क्रिएटिव इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में बताया गया कि 6जी पेटेंट में चीन की हिस्सेदारी सबसे अधिक 40.3 फीसदी थी। वहीं 35.5 फीसदी के साथ अमेरिका दूसरे स्थान पर था।

## कई राज्यों में घटे पेट्रोल-डीजल के भाव

नई दिल्ली । भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियां वैश्विक बाजार में क्रूड ऑयल के आधार पर कीमतों की समीक्षा के बाद हर रोज पेट्रोल और डीजल के भाव तय करती है। जिसके बाद हर सुबह सरकारी तेल कंपनियों पेट्रोल और डीजल के नए रेट अपडेट करती है। बता दें कि यूपी हो या दिल्ली, सब जगह पेट्रोल डीजल के भाव अलग होते हैं। ऐसे ही तेल कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। राज्य स्तर पर बात करें तो सोमवार को महाराष्ट्र मे पेट्रोल के दाम 49 पैसे घटकर 104.27 रुपये प्रति लीटर और डीजल 45 पैसे घटकर 90.81 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं यूपी में पेट्रोल 23 पैसे घटकर 94.47 रुपये प्रति लीटर और डीजल 26 पैसे घटकर 87.53 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके अलावा छत्तीसगढ़, हरियाण, हिमाचल, झारखंड, मणिपुर और राजस्थान में भी पेट्रोल-डीजल के दाम घट गए हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई मे पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर है।




# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 592 अंक , निफ्टी 163 अंक ऊपर आया



मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ । बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही लिवावी हावी रहने से आई है। वहीं इससे पहले के अंतिम कारोबारी दिन बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। वहीं आज दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी उछलकर बंद हुए। इसके अलावा वित्तीय और आईटी स्टॉक्स के शेयरों में भी बढ़त रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.73 फसदी या 591.69 अंक ऊपर आकर 81,973.05 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी भी 0.66 फीसदी तकरीबन 163.70 अंक ऊपर आकर 25,127.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर सबसे ज्यादा 2.86 फीसदी बढ़ा। इस दौरान एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, आईटीसी, इंडसइंड बैंक, कोटक बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और महिंद्रा के शेयर लाभ के साथ ही उछले हैं।

वहीं दूसरी ओर मारुति का शेयर 1.85 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, अल्ट्रा सीमेंट,नेस्ले इंडिया, टीसीएस और टाटा मोटर्स के शेयर भी नीचे आये। निवेशकों का ध्यान अब सितंबर के घरेलू मुद्रास्फीति आंकड़ों पर रहेगा। यह आंकड़े तय करेंगे कि केंद्रीय बैंक आरबीआई ब्याज दरों में कितनी कमी करेगा। निवेशक ब्याज दरों में संभावित कटौती के संकेतों पर नजर गड़ाए हुए हैं और सतर्क रुख अपना रहे हैं।

बाजार जानकारों के अनुसार कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम कमजोर रहने और तेल की कीमतों में गिरावट के बीच ही भारतीय बाजार आईटी और फाइनेंशियल सेक्टर खरीदारी से ऊपर आया है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार की तेजी के साथ शुरुआत शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स 210.37 अंक बढ़कर 81,591.73 पर खुला। वहीं दूसरी तरफ निफ्टी-50 59.20 अंक की तेजी के साथ 25,023 पर कारोबार कर रहा था। वहीं पिछले कारोबारी सत्र शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई थी।

# महंगी सब्जियों ने बिगाड़ दिया अर्थव्यवस्था और रसोई का पूरा गणित

नई दिल्ली ।

महंगी सब्जियों ने अर्थव्यवस्था के साथ महिलाओं की रसाई का गुणा-गणित बिगाड़ दिया है। दरअसल खाद्य वस्तुओं, खासकर सब्जियों के महंगे होने से थोक मूल्य महंगाई (डब्ल्यूपीआई) सितंबर में बढ़कर 1.84 प्रतिशत हुई। मोदी सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गई। अगस्त में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 1.31 प्रतिशत थी। पिछले साल सितंबर में यह 0.07 प्रतिशत घटी थी। खाद्य मुद्रास्फीति सितंबर में बढ़कर 11.53 प्रतिशत हो गई, जबकि अगस्त में यह 3.11 प्रतिशत थी। आलू और प्याज की मुद्रास्फीति सितंबर में क्रमशः 78.13 और 78.82 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर रही। ईंधन और बिजली श्रेणी में सितंबर में 4.05 प्रतिशत की अपस्फीति देखी गई, जबकि अगस्त में 0.67 प्रतिशत की अपस्फीति हुई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, सितंबर, 2024 में मुद्रास्फीति की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, मोटर वाहनों, ट्रेलरों और अर्ध-ट्रेलरों के निर्माण, मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है।

रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 2.42 प्रतिशत से बढ़कर 6.6 प्रतिशत हो गई। खाने-पीने की चीजों की महंगाई 3.26 प्रतिशत से बढ़कर 9.47 प्रतिशत रही। फ्यूल




और पावर की थोक महंगाई दर -0.67 प्रतिशत से घटकर 4.05 प्रतिशत रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1.22 प्रतिशत से घटकर 1 प्रतिशत रही। थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर प्रोडक्टिव सेक्टर पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है, तब प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं।

## रुपया बढ़त के साथ बंद




नई दिल्ली । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया पांच पैसे की तेजी के साथ ही 84.05 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी का काफी अधिक बहिर्गमन हुआ है और कच्चे तेल की कीमतों मे लगभग 10 फीसदी वृद्धि हुई है। वहीं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप और रिकॉर्ड उच्च भंडार के कारण स्थानीय मुद्रा को निचले स्तरों पर समर्थन मिला है। आज अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार मे रुपया शुरुआती कारोबार मे 84.06 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरुआती सौदों यह 84.05 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 12 पैसे टूटकर 84.10 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 फीसदी की बढ़त के साथ 103.02 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.21 फीसदी की बढ़त के साथ 78.08 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।




# नई फिल्म जिगरा को लेकर सुर्खियों में आलिया

बालीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी अपकमिंग फिल्म जिगरा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में आलिया के साथ वेदांग रैना मुख्य भूमिका में हैं और दोनों के बीच एक गहरे पारिवारिक बंधन को पर्दे पर उकेरा गया है। इस फिल्म की कहानी आलिया के किरदार के संघर्ष पर केंद्रित है, जो अपने भाई ( वेदांग रैना) को जेल से छुड़ाने की कोशिश कर रही हैं। जिगरा को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, और आलिया के अभिनय की सोशल मीडिया पर काफी सराहना हो रही है। इस फिल्म का निर्देशन वसन बाला ने किया है, जबकि इसका सह- निर्माण आलिया भट्ट ने करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के साथ मिलकर किया है। फिल्म की रिलीज के बाद आलिया करीना कपूर के शो व्हाट वूमेन वांट में नजर आई, जहां उन्होंने अपनी गायन प्रतिभा और आगामी परियोजनाओं के बारे में बात की। इस दौरान करीना ने आलिया की गायिकी को लेकर एक मजेदार सवाल पूछा, जिसने इस बातचीत को और भी दिलचस्प बना दिया। करीना ने आलिया से पूछा कि क्या वह गायन में अपना करियर बनाने की योजना बना रही हैं, क्योंकि उन्होंने पहले फिल्मों में कुछ गाने गाए हैं। करीना ने मजाकिया अंदाज में कहा, क्या आप अपना सिंगल रिलीज करने वाली हैं? इस पर आलिया ने हंसते हुए जवाब दिया, नहीं, मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं है। उन्होंने आगे बताया कि वेदांग रैना गा सकते हैं और वह एक एल्बम भी बना सकते हैं, जबकि आलिया खुद सिर्फ बाथरूम में गाना पसंद करती हैं। आलिया ने कहा, मुझे रिकॉर्डिंग स्टूडियो में कुछ मदद के साथ गाना अच्छा लगता है, लेकिन गायिका बनने की कोई योजना नहीं है। आलिया भट्ट का यह बयान सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है, जहां उनके प्रशंसक उनकी गायन प्रतिभा और उनकी विनम्रता की सराहना कर रहे हैं। फिल्म जिगरा को बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और इसे आलिया के करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म माना जा रहा है।



# शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर चलने के लिए उत्साहित हूं: शरवरी

अभिनेत्री शरवरी वाघ मशहूर डिजाइनर पंकज और निधि के लिए रैंप वॉक करेंगी। इस अवसर को अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया। उन्होंने कहा, मैं भारत के प्रसिद्ध डिजाइनर पंकज और निधि के लिए शोस्टॉपर के रूप में रैंप पर चलने के लिए बेहद उत्साहित हूं। यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। एक्ट्रेस ने पंकज और निधि की तारीफ करते हुए कहा कि यह डिजाइनर जोड़ी स्टाइल और एलिगेंस के मामले में बेहतरीन हैं और उनके शोस्टॉपर आउटफिट को पहनकर रैंप पर चलना गर्व की बात है। उन्होंने अपने प्रशंसकों से इस मौके पर शुभकामनाएं और उत्साहवर्धन की अपील की। शरवरी 2024 के लैक्मे फैशन वीक में नई दिल्ली में रैंप पर चलती नजर आएंगी। पंकज और निधि के डिजाइन्स को दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर, शिल्पा शेट्टी, यामी गौतम और आलिया भट्ट जैसी हस्तियों ने भी पहना है, जो इस जोड़ी की लोकप्रियता को दर्शाता है। इसके साथ ही शरवरी ने दशहरे के मौके पर अपने आगामी प्रोजेक्ट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह आलिया भट्ट अभिनीत फिल्म अल्फा के लिए प्रार्थना कर रही हैं। उन्होंने विजयादशमी पर अपने प्रशंसकों को दशहरे की बधाई भी दी।




# गेम चेंजर की रिलीज़ डेट में किया बदलाव

फिल्म गेम चेंजर की रिलीज़ डेट में बदलाव किया गया है। पूर्व में यह फिल्म क्रिसमस 2024 के दौरान 20 दिसंबर को रिलीज़ होने वाली थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ाकर संक्रांति 2025 के आसपास रिलीज़ करने की योजना बनाई गई है। गेम चेंजर साउथ सुपरस्टार राम चरण की बहुप्रतीक्षित फिल्म है। इस राजनीतिक थ्रिलर फिल्म में राम चरण और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे, और दर्शक इन दोनों सितारों को बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस, श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस, ने दशहरे के दिन 12 अक्टूबर को एक वीडियो संदेश के जरिए नई रिलीज डेट की घोषणा की। वीडियो में कहा गया कि फिल्म की पोस्ट-प्रोडक्शन प्रक्रिया दिसंबर 2024 तक पूरी हो जाएगी, और आने वाले महीनों में फिल्म के तीन और गाने रिलीज किए जाएंगे। गेम चेंजर की देरी के कारण राम चरण के पिता, मेगास्टार चिरंजीवी की आगामी फिल्म विश्वंभरा के निर्माताओं को भी अपनी रिलीज डेट पर पुनर्विचार करना होगा, क्योंकि उनकी फिल्म की तारीख अब अनिश्चित हो गई है। इस फिल्म की कहानी कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखी गई है और इसमें राम चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। फिल्म में कियारा आडवाणी के साथ-साथ अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, जयराम, और नवीन चंद्रा भी अहम किरदारों में होंगे।



# फ्लोरल ड्रेस में तृप्ति डिमरी का हॉट अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' को लेकर छाई हुई है। इस फिल्म के प्रमोशन इवेंट में तृप्ति का ग्लैमरस अवतार देखने को मिल रहा है। इसी के साथ तृप्ति सोशल मीडिया पर भी अपनी हॉट एंड ग्लैमरस तस्वीरों से फैंस के दिल की धड़कने बढ़ा रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने फ्लोरल आउटफिट में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों में तृप्ति डिमरी का हॉट अंदाज देखने को मिल रहा है। इस डीपनेक ड्रेस में एक्ट्रेस अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। तृप्ति ने ग्लोइंग मेकअप और बालों का बंध बनाकर अपना लुक कम्प्लीट किया है। इसके साथ ही उन्होंने सुर्ख रेड कलर की लिपस्टिक लगाई है और कानों में रेड कलर के ईयररिंग्स पहने हैं। तस्वीरों में तृप्ति डिमरी एक से बढ़कर एक अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। फैंस को एक्ट्रेस का हॉट अवतार काफी पसंद आ रहा है। वर्क फ्रंट की बात करें तो तृप्ति डिमरी जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'भूल भुलैया 3' और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ 'धड़क 2' में नजर आने वाली हैं।

# 20 सालों से बॉलीवुड में काम कर रहे हैं रितेश देशमुख, कहा- खुश हूँ

अभिनेता-निर्माता रितेश देशमुख पिछले दो दशकों से फिल्मों में काम कर रहे हैं और उनका कहना है कि फिल्म जगत में अब भी अपनी मौजूदगी के कारण वह खुश हैं। वर्ष 2003 में 'तुझे मेरी कसम' से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अभिनेता ने हिंदी फिल्मों 'एक विलेन', 'ब्लफमास्टर!' और 'हाउसफुल' और 'मस्ती' के साथ फिल्म उद्योग में अपने लिए एक अलग जगह बनाई। रितेश ने 2013 में 'बालक पालक' के साथ निर्माता और 2022 में फिल्म 'वेद के साथ निर्देशक की भूमिका निभाई। दोनों मराठी फिल्में हैं। रितेश देशमुख महाराष्ट्र के दिवंगत मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि वह कोई उम्मीद लेकर फिल्म उद्योग में नहीं आए थे। देशमुख ने साक्षात्कार में कहा, ''मुझे जो भी प्रस्ताव दिया गया, मैं उससे खुश रहा। मैं उद्योग में करियर बनाने नहीं आया था। यह कुछ ऐसा था जैसे कि मुझे एक ऑफर मिला था, और देखाना था कि यह कैसा रहता है। मुझे उद्योग और दर्शकों से प्यार पाकर खुशी हुई। मुझे दो दशक हो गए हैं और मैं अब भी काम कर रहा हूं।'' अभिनेता ने कहा, ''मुझे खुशी है कि निर्माता और निर्देशक अब भी मेरे नाम पर विचार करते हैं। इस उद्योग ने मुझे फिल्में करने, निर्माता बनने और फिल्में ( मराठी में) निर्देशित करने की ताकत दी है।'' उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि वह जल्द ही एक हिंदी फिल्म का निर्देशन करेंगे। देशमुख अगली बार हाउसफुल 5 में नजर आएंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने करियर के 'शानदार दौर' में हैं।



# सलमान खान के सारे प्रोजेक्ट से लेगें ब्रेक, कुछ दिन घर ने नहीं निकलेंगे बाहर?



बॉलीवुड में सलमान खान के करीबी माने जाने वाले बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से ही काफी माहौल गरमाया हुआ है। बाबा सिद्दीकी की सरेआम हत्या ने जहां बदमाशों के हौसलों को बुलंद किया है तो वहीं दूसरी तरफ कई लोगों के लिए यह एक खतरे की घंटी हैं। वाई सुरक्षा में रहने वाले बाबा सिद्दीकी की हत्या सुरक्षा पर काफी सवाल उठाती हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। वहीं दूसरी तरफ इस वारदात के बाद सलमान खान की सुरक्षा को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है क्योंकि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली थी। एजेंसियां बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा को लेकर सतर्क हो गई है। सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नवी मुंबई पुलिस ने अतिरिक्त प्रयास किए हैं। अभिनेता को आखिरी बार उनके करीबी सहयोगी बाबा सिद्दीकी के अंतिम संस्कार में देखा गया था। एनसीपी नेता की 12 अक्टूबर 2024 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

**सलमान खान की सुरक्षा बढ़ाई गई**

जानकार बता दें कि सलमान खान का फार्महाउस नवी मुंबई के पनवेल में है और इस फार्महाउस तक पहुंचने के लिए एक ही सड़क है जो गांव से होकर गुजरती है। इसलिए पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों और अपनी खुफिया एजेंसियों को सतर्क कर दिया है कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या कोई भी दिखाई दे तो वे पुलिस को सूचित करें। दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है और किसी भी तरह के इनपुट पर नजर रखी जा रही है ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

**बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में ताजा घटनाक्रम**

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की नृशंस हत्या के सिलसिले में महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ रही हैं। शुरुआती रिपोर्ट्स में सिद्दीकी की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ होने की बात सामने आई थी, जिसके बाद दो मुख्य आरोपियों ने अपने संबंध की पुष्टि की थी। अब, मुंबई पुलिस की जांच के दौरान गिरोह की संलिप्तता के बारे में एक और महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। इसके अलावा, सिद्दीकी की हत्या की जांच जारी रहने के साथ ही पुलिस पानीपत निवासी रणदीप की भूमिका की भी जांच कर रही है, जो वर्तमान में भारत से बाहर रह रहा है। रणदीप भी लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी है और मामले में उसकी संलिप्तता भी जांच के दायरे में है।

**अस्थि परीक्षण में आरोपी नाबालिग नहीं पाया गया**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने आरोपी धर्मराज कश्यप की उम्र का पता लगाने के लिए उसका अस्थि परीक्षण किया जिसमें यह साबित हो गया है कि वह नाबालिग नहीं है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बाबा सिद्दीकी की उपनगर बांद्रा में शनिवार को तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मुंबई पुलिस ने इस मामले में हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह ( 23) और उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) को गिरफ्तार किया है जबकि गोलीबारी के वक्त घटनास्थल पर मौजूद उनका एक और साथी फरार है।